**WRAP Exams · wrapexams.com**

Prelims PYQ, Mains model answers, and copy evaluation. Write to the desk for this paper, a doubt, or the AI waitlist.

**ask@wrapexams.com · +91 85951 84903 · wrapexams.com**

# Official question paper

This file is the official paper. WRAP Exams also publishes a compiled questions PDF for the same year: each question has a Solution link, and the last pages are a designed compiled answer key.

### Answer key at the end of this PDF

Attempt the paper first. After the last question, this pack closes with a compiled answer key: official letters in boxed exam order, then a question-wise list with Solution links to WRAP Exams.

wrapexams.com

WRAP Exams · Write. Read. Analyse. Practice. · https://wrapexams.com/ · ask@wrapexams.com · wrapexams.com

WRAP Exams

C.S (P) Exam, 2019

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

टी.बी.सी. : BKL–F–GHP

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

**A**

क्रम संख्या

2131621

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य अध्ययन

## प्रश्न-पत्र—I

समय : दो घण्टे

पूर्णांक : 200

### अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न लिखें।**
4. इस परीक्षण पुस्तिका में 100 प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. मुग़ल भारत के संदर्भ में, जागीरदार और जमींदार के बीच क्या अंतर है/हैं?

   1. जागीरदारों के पास न्यायिक और पुलिस दायित्वों के एवज में भूमि आबंटनों का अधिकार होता था, जबकि जमींदारों के पास राजस्व अधिकार होते थे तथा उन पर राजस्व उगाही को छोड़कर अन्य कोई दायित्व पूरा करने की बाध्यता नहीं होती थी।
   2. जागीरदारों को किए गए भूमि आबंटन वंशानुगत होते थे और जमींदारों के राजस्व अधिकार वंशानुगत नहीं होते थे।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

   *(a)* केवल 1

   *(b)* केवल 2

   *(c)* 1 और 2 दोनों

   *(d)* न तो 1, न ही 2

2. स्वतंत्र भारत में भूमि सुधारों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

   *(a)* हदबंदी कानून पारिवारिक जोत पर केंद्रित थे, न कि व्यक्तिगत जोत पर।

   *(b)* भूमि सुधारों का प्रमुख उद्देश्य सभी भूमिहीनों को कृषि भूमि प्रदान करना था।

   *(c)* इसके परिणामस्वरूप नकदी फसलों की खेती, कृषि का प्रमुख रूप बन गई।

   *(d)* भूमि सुधारों ने हदबंदी सीमाओं को किसी भी प्रकार की छूट की अनुमति नहीं दी।

3. वैश्विक प्रतियोगित्व रिपोर्ट (ग्लोबल कम्पिटिटिवनेस रिपोर्ट) कौन प्रकाशित करता है?

   *(a)* अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

   *(b)* संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेन्स ऑन ट्रेड ऐंड डेवलपमेंट)

   *(c)* विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम)

   *(d)* विश्व बैंक

4. 'चार्टर ऐक्ट, 1813' के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

   1. इसने भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी के व्यापार एकाधिपत्य को, चाय का व्यापार तथा चीन के साथ व्यापार को छोड़कर, समाप्त कर दिया।
   2. इसने कम्पनी द्वारा अधिकार में लिए गए भारतीय राज्यक्षेत्रों पर ब्रिटिश राज (क्राउन) की सम्प्रभुता को सुदृढ़ कर दिया।
   3. भारत का राजस्व अब ब्रिटिश संसद के नियंत्रण में आ गया था।

   उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

   *(a)* केवल 1 और 2

   *(b)* केवल 2 और 3

   *(c)* केवल 1 और 3

   *(d)* 1, 2 और 3

**1.** With reference to Mughal India, what is/are the difference/differences between Jagirdar and Zamindar?

1. Jagirdars were holders of land assignments in lieu of judicial and police duties, whereas Zamindars were holders of revenue rights without obligation to perform any duty other than revenue collection.
2. Land assignments to Jagirdars were hereditary and revenue rights of Zamindars were not hereditary.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**2.** With reference to land reforms in independent India, which one of the following statements is correct?

*(a)* The ceiling laws were aimed at family holdings and not individual holdings.

*(b)* The major aim of land reforms was providing agricultural land to all the landless.

*(c)* It resulted in cultivation of cash crops as a predominant form of cultivation.

*(d)* Land reforms permitted no exemptions to the ceiling limits.

**3.** The Global Competitiveness Report is published by the

*(a)* International Monetary Fund

*(b)* United Nations Conference on Trade and Development

*(c)* World Economic Forum

*(d)* World Bank

**4.** Consider the following statements about 'the Charter Act of 1813' :

1. It ended the trade monopoly of the East India Company in India except for trade in tea and trade with China.
2. It asserted the sovereignty of the British Crown over the Indian territories held by the Company.
3. The revenues of India were now controlled by the British Parliament.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3



WRAP Exams

**5.** स्वदेशी आंदोलन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसने देशी शिल्पकारों के कौशल तथा उद्योगों को पुनर्जीवित करने में योगदान किया।
2. स्वदेशी आंदोलन के एक अवयव के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा परिषद् की स्थापना हुई थी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

**6.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | आंदोलन/संगठन | | नायक (लीडर) |
|---|---|---|---|
| 1. | अखिल भारतीय अस्पृश्यता विरोधी लीग | : | महात्मा गाँधी |
| 2. | अखिल भारतीय किसान सभा | : | स्वामी सहजानंद सरस्वती |
| 3. | आत्मसम्मान आंदोलन | : | ई० वी० रामास्वामी नायकर |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक हड़प्पा स्थल **नहीं** है?

*(a)* चन्हुदड़ो

*(b)* कोट दीजी

*(c)* सोहगौरा

*(d)* देसलपुर

**8.** निम्नलिखित में से किस उभारदार मूर्तिशिल्प (रिलीफ स्कल्प्चर) शिलालेख में अशोक के प्रस्तर रूपचित्र के साथ 'राण्यो अशोक' (राजा अशोक) उल्लिखित है?

*(a)* कंगनहल्ली

*(b)* साँची

*(c)* शाहबाजगढ़ी

*(d)* सोहगौरा

**9.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. बुद्ध में देवत्वारोपण
2. बोधिसत्त्व के पथ पर चलना
3. मूर्ति उपासना तथा अनुष्ठान

उपर्युक्त में से कौन-सी विशेषता/विशेषताएँ महायान बौद्धमत की है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**10.** गुप्त काल के दौरान भारत में बलात् श्रम (विष्टि) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

*(a)* इसे राज्य के लिए आय का एक स्रोत, जनता द्वारा दिया जाने वाला एक प्रकार का कर, माना जाता था।

*(b)* यह गुप्त साम्राज्य के मध्य प्रदेश तथा काठियावाड़ क्षेत्रों में पूर्णतः अविद्यमान था।

*(c)* बलात् श्रमिक साप्ताहिक मजदूरी का हकदार होता था।

*(d)* मजदूर के ज्येष्ठ पुत्र को बलात् श्रमिक के रूप में भेज दिया जाता था।



WRAP Exams

5. With reference to Swadeshi Movement, consider the following statements :

1. It contributed to the revival of the indigenous artisan crafts and industries.
2. The National Council of Education was established as a part of Swadeshi Movement.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

6. Consider the following pairs :

| | *Movement/ Organization* | | *Leader* |
|---|---|---|---|
| 1. | All India Anti-Untouchability League | : | Mahatma Gandhi |
| 2. | All India Kisan Sabha | : | Swami Sahajanand Saraswati |
| 3. | Self-Respect Movement | : | E. V. Ramaswami Naicker |

Which of the pairs given above is/are correctly matched?

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

7. Which one of the following is ***not*** a Harappan site?

(a) Chanhudaro
(b) Kot Diji
(c) Sohgaura
(d) Desalpur

8. In which of the following relief sculpture inscriptions is 'Ranyo Ashoka' (King Ashoka) mentioned along with the stone portrait of Ashoka?

(a) Kanganahalli
(b) Sanchi
(c) Shahbazgarhi
(d) Sohgaura

9. Consider the following :

1. Deification of the Buddha
2. Treading the path of Bodhisattvas
3. Image worship and rituals

Which of the above is/are the feature/features of Mahayana Buddhism?

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

10. With reference to forced labour (Vishti) in India during the Gupta period, which one of the following statements is correct?

(a) It was considered a source of income for the State, a sort of tax paid by the people.
(b) It was totally absent in the Madhya Pradesh and Kathiawar regions of the Gupta Empire.
(c) The forced labourer was entitled to weekly wages.
(d) The eldest son of the labourer was sent as the forced labourer.

**11.** किसके राज्य में 'कल्याण मंडप' की रचना मंदिर-निर्माण का एक विशिष्ट अभिलक्षण था?

(a) चालुक्य

(b) चंदेल

(c) राष्ट्रकूट

(d) विजयनगर

**12.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. दिल्ली सल्तनत के राजस्व प्रशासन में राजस्व वसूली के प्रभारी को 'आमिल' कहा जाता था।
2. दिल्ली के सुल्तानों की इक्ता प्रणाली एक प्राचीन देशी संस्था थी।
3. 'मीर बख्शी' का पद दिल्ली के ख़लजी सुल्तानों के शासनकाल में अस्तित्व में आया।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

**13.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संत निम्बार्क, अकबर के समकालीन थे।
2. संत क़बीर, शेख अहमद सरहिंदी से अत्यधिक प्रभावित थे।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**14.** भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. महात्मा गाँधी 'गिरमिटिया (इंडेंचर्ड लेबर)' प्रणाली के उन्मूलन में सहायक थे।
2. लॉर्ड चेम्सफोर्ड की 'वॉर कॉन्फ्रेन्स' में महात्मा गाँधी ने विश्व युद्ध के लिए भारतीयों की भरती से संबंधित प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया था।
3. भारत के लोगों द्वारा नमक कानून तोड़े जाने के परिणामस्वरूप, औपनिवेशिक शासकों द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को अवैध घोषित कर दिया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**15.** भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | व्यक्ति | | धारित पद |
|---|---|---|---|
| 1. | सर तेज बहादुर सप्रू | : | अध्यक्ष, अखिल भारतीय उदार संघ |
| 2. | के० सी० नियोगी | : | सदस्य, संविधान सभा |
| 3. | पी० सी० जोशी | : | महासचिव, भारतीय साम्यवादी दल |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

**11.** Building 'Kalyaana Mandapas' was a notable feature in the temple construction in the kingdom of

*(a)* Chalukya

*(b)* Chandela

*(c)* Rashtrakuta

*(d)* Vijayanagara

**12.** Consider the following statements :

1. In the revenue administration of Delhi Sultanate, the in-charge of revenue collection was known as 'Amil'.
2. The Iqta system of Sultans of Delhi was an ancient indigenous institution.
3. The office of 'Mir Bakshi' came into existence during the reign of Khalji Sultans of Delhi.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**13.** Consider the following statements :

1. Saint Nimbarka was a contemporary of Akbar.
2. Saint Kabir was greatly influenced by Shaikh Ahmad Sirhindi.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**14.** With reference to the British colonial rule in India, consider the following statements :

1. Mahatma Gandhi was instrumental in the abolition of the system of 'indentured labour'.
2. In Lord Chelmsford's 'War Conference', Mahatma Gandhi did not support the resolution on recruiting Indians for World War.
3. Consequent upon the breaking of Salt Law by Indian people, the Indian National Congress was declared illegal by the colonial rulers.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**15.** With reference to Indian National Movement, consider the following pairs :

| | *Person* | | *Position held* |
|---|---|---|---|
| 1. | Sir Tej Bahadur Sapru | : | President, All India Liberal Federation |
| 2. | K. C. Neogy | : | Member, The Constituent Assembly |
| 3. | P. C. Joshi | : | General Secretary, Communist Party of India |

Which of the pairs given above is/are correctly matched?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3



WRAP Exams

16. मियाँ तानसेन के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) सम्राट अकबर द्वारा इन्हें दी गई उपाधि तानसेन थी।

(b) तानसेन ने हिन्दू देवी-देवताओं से संबंधित ध्रुपदों की रचना की।

(c) तानसेन ने अपने संरक्षकों से संबंधित गानों की रचना की।

(d) तानसेन ने अनेक रागों की मौलिक रचना की।

17. इनमें से किस मुग़ल सम्राट ने सचित्र पांडुलिपियों से ध्यान हटाकर चित्राधार (एलबम) और वैयक्तिक रूपचित्रों पर अधिक जोर दिया?

(a) हुमायूँ

(b) अकबर

(c) जहाँगीर

(d) शाहजहाँ

18. निम्नलिखित में से कौन-सा नैशनल पार्क *पूर्णतया* शीतोष्ण अल्पाइन कटिबंध में स्थित है?

(a) मानस नैशनल पार्क

(b) नामदफा नैशनल पार्क

(c) नेओरा घाटी नैशनल पार्क

(d) फूलों की घाटी नैशनल पार्क

19. अटल नवप्रवर्तन (इनोवेशन) मिशन किसके अधीन स्थापित किया गया है?

(a) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

(b) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

(c) नीति (NITI) आयोग

(d) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय

20. जून की 21वीं तारीख को सूर्य

(a) उत्तरध्रुवीय वृत्त पर क्षितिज के नीचे नहीं डूबता है

(b) दक्षिणध्रुवीय वृत्त पर क्षितिज के नीचे नहीं डूबता है

(c) मध्याह्न में भूमध्यरेखा पर ऊर्ध्वाधर रूप से व्योमस्थ चमकता है

(d) मकर-रेखा पर ऊर्ध्वाधर रूप से व्योमस्थ चमकता है



WRAP Exams

16. With reference to Mian Tansen, which one of the following statements is ***not*** correct?

*(a)* Tansen was the title given to him by Emperor Akbar.

*(b)* Tansen composed Dhrupads on Hindu gods and goddesses.

*(c)* Tansen composed songs on his patrons.

*(d)* Tansen invented many Ragas.

17. Who among the following Mughal Emperors shifted emphasis from illustrated manuscripts to album and individual portrait?

*(a)* Humayun

*(b)* Akbar

*(c)* Jahangir

*(d)* Shah Jahan

18. Which one of the following National Parks lies *completely* in the temperate alpine zone?

*(a)* Manas National Park

*(b)* Namdapha National Park

*(c)* Neora Valley National Park

*(d)* Valley of Flowers National Park

19. Atal Innovation Mission is set up under the

*(a)* Department of Science and Technology

*(b)* Ministry of Labour and Employment

*(c)* NITI Aayog

*(d)* Ministry of Skill Development and Entrepreneurship

20. On 21st June, the Sun

*(a)* does not set below the horizon at the Arctic Circle

*(b)* does not set below the horizon at Antarctic Circle

*(c)* shines vertically overhead at noon on the Equator

*(d)* shines vertically overhead at the Tropic of Capricorn



WRAP Exams

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक पादप-समूह 'नवीन विश्व (न्यू वर्ल्ड)' में कृषि-योग्य बनाया गया तथा इसका 'प्राचीन विश्व (ओल्ड वर्ल्ड)' में प्रचलन शुरू किया गया?

*(a)* तंबाकू, कोको और रबड़

*(b)* तंबाकू, कपास और रबड़

*(c)* कपास, कॉफी और गन्ना

*(d)* रबड़, कॉफी और गेहूँ

**22.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. एशियाई शेर प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
2. दो-कूबड़ वाला ऊँट प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
3. एक-सींग वाला गैंडा प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**23.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **प्रसिद्ध स्थान** | | **नदी** |
|---|---|---|---|
| 1. | पंढरपुर | : | चंद्रभागा |
| 2. | तिरुचिरापल्ली | : | कावेरी |
| 3. | हंपी | : | मालप्रभा |

उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**24.** किसी दिए गए वर्ष में भारत में कुछ राज्यों में आधिकारिक गरीबी रेखाएँ अन्य राज्यों की तुलना में उच्चतर हैं, क्योंकि

*(a)* गरीबी की दर अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होती है

*(b)* कीमत-स्तर अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होता है

*(c)* सकल राज्य उत्पाद अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होता है

*(d)* सार्वजनिक वितरण की गुणता अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होती है

**25.** निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में, कुछ वैज्ञानिक पक्षाभ मेघ विरलन तकनीक तथा समतापमंडल में सल्फेट वायुविलय अंतःक्षेपण के उपयोग का सुझाव देते हैं?

*(a)* कुछ क्षेत्रों में कृत्रिम वर्षा करवाने के लिए

*(b)* उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की बारंबारता और तीव्रता को कम करने के लिए

*(c)* पृथ्वी पर सौर पवनों के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए

*(d)* भूमंडलीय तापन को कम करने के लिए

**26.** निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में, 'ताप-अपघटन और प्लाज़्मा गैसीकरण' शब्दों का उल्लेख किया गया है?

*(a)* दुर्लभ (रेअर) भू-तत्त्वों का निष्कर्षण

*(b)* प्राकृतिक गैस निष्कर्षण प्रौद्योगिकी

*(c)* हाइड्रोजन ईंधन-आधारित ऑटोमोबाइल

*(d)* अपशिष्ट-से-ऊर्जा प्रौद्योगिकी



WRAP Exams

**21.** Which one of the following groups of plants was domesticated in the 'New World' and introduced into the 'Old World'?

*(a)* Tobacco, cocoa and rubber

*(b)* Tobacco, cotton and rubber

*(c)* Cotton, coffee and sugarcane

*(d)* Rubber, coffee and wheat

**22.** Consider the following statements :

1. Asiatic lion is naturally found in India only.
2. Double-humped camel is naturally found in India only.
3. One-horned rhinoceros is naturally found in India only.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**23.** Consider the following pairs :

| | *Famous place* | | *River* |
|---|---|---|---|
| 1. | Pandharpur | : | Chandrabhaga |
| 2. | Tiruchirappalli | : | Cauvery |
| 3. | Hampi | : | Malaprabha |

Which of the pairs given above are correctly matched?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**24.** In a given year in India, official poverty lines are higher in some States than in others because

*(a)* poverty rates vary from State to State

*(b)* price levels vary from State to State

*(c)* Gross State Product varies from State to State

*(d)* quality of public distribution varies from State to State

**25.** In the context of which of the following do some scientists suggest the use of cirrus cloud thinning technique and the injection of sulphate aerosol into stratosphere?

*(a)* Creating the artificial rains in some regions

*(b)* Reducing the frequency and intensity of tropical cyclones

*(c)* Reducing the adverse effects of solar wind on the Earth

*(d)* Reducing the global warming

**26.** In the context of which one of the following are the terms 'pyrolysis and plasma gasification' mentioned?

*(a)* Extraction of rare earth elements

*(b)* Natural gas extraction technologies

*(c)* Hydrogen fuel-based automobiles

*(d)* Waste-to-energy technologies



WRAP Exams

**27.** निम्नलिखित में से कौन-से अगस्त्यमाला जीवमंडल रिज़र्व में आते हैं?

*(a)* नेय्यार, पेप्पारा और शेंदुर्ने वन्य प्राणी अभयारण्य; और कलाकड़ मुंदन्थुराई बाघ रिज़र्व

*(b)* मुदुमलाई, सत्यमंगलम और वायनाड वन्य प्राणी अभयारण्य; और साइलेंट वैली नैशनल पार्क

*(c)* कौंडिन्य, गुंडला ब्रह्मेश्वरम और पापीकोंडा वन्य प्राणी अभयारण्य; और मुकुर्थी नैशनल पार्क

*(d)* कावल और श्रीवेंकटेश्वर वन्य प्राणी अभयारण्य; और नागार्जुनसागर-श्रीशैलम बाघ रिज़र्व

**28.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. समुद्री कच्छपों की कुछ जातियाँ शाकभक्षी होती हैं।
2. मछली की कुछ जातियाँ शाकभक्षी होती हैं।
3. समुद्री स्तनपायियों की कुछ जातियाँ शाकभक्षी होती हैं।
4. साँपों की कुछ जातियाँ सजीवप्रजक होती हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**29.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **वन्य प्राणी** | | **प्राकृतिक रूप से कहाँ पाए जाते हैं** |
|---|---|---|---|
| 1. | नीले मीनपक्ष वाली महाशीर | : | कावेरी नदी |
| 2. | इरावदी डॉल्फिन | : | चंबल नदी |
| 3. | मोरचाभ (रस्टी)-चित्तीदार बिल्ली | : | पूर्वी घाट |

उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**30.** पर्यावरण में निर्मुक्त हो जाने वाली 'सूक्ष्ममणिकाओं (माइक्रोबीड्स)' के विषय में अत्यधिक चिंता क्यों है?

*(a)* ये समुद्री पारितंत्रों के लिए हानिकारक मानी जाती हैं।

*(b)* ये बच्चों में त्वचा कैंसर होने का कारण मानी जाती हैं।

*(c)* ये इतनी छोटी होती हैं कि सिंचित क्षेत्रों में फसल पादपों द्वारा अवशोषित हो जाती हैं।

*(d)* अक्सर इनका इस्तेमाल खाद्य-पदार्थों में मिलावट के लिए किया जाता है।

**27.** Which of the following are in Agasthyamala Biosphere Reserve?

*(a)* Neyyar, Peppara and Shendurney Wildlife Sanctuaries; and Kalakad Mundanthurai Tiger Reserve

*(b)* Mudumalai, Sathyamangalam and Wayanad Wildlife Sanctuaries; and Silent Valley National Park

*(c)* Kaundinya, Gundla Brahmeswaram and Papikonda Wildlife Sanctuaries; and Mukurthi National Park

*(d)* Kawal and Sri Venkateswara Wildlife Sanctuaries; and Nagarjunasagar-Srisailam Tiger Reserve

**28.** Consider the following statements :

1. Some species of turtles are herbivores.
2. Some species of fish are herbivores.
3. Some species of marine mammals are herbivores.
4. Some species of snakes are viviparous.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2, 3 and 4 only

*(c)* 2 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**29.** Consider the following pairs :

| | *Wildlife* | | *Naturally found in* |
|---|---|---|---|
| 1. | Blue-finned Mahseer | : | Cauvery River |
| 2. | Irrawaddy Dolphin | : | Chambal River |
| 3. | Rusty-spotted Cat | : | Eastern Ghats |

Which of the pairs given above are correctly matched?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**30.** Why is there a great concern about the 'microbeads' that are released into environment?

*(a)* They are considered harmful to marine ecosystems.

*(b)* They are considered to cause skin cancer in children.

*(c)* They are small enough to be absorbed by crop plants in irrigated fields.

*(d)* They are often found to be used as food adulterants.

**31.** हाल ही में हमारे देश में हिमालयी बिच्छू-बूटी (*जिरार्डीनिया डाइवर्सीफोलिया*) के महत्त्व के बारे में बढ़ती हुई जागरूकता थी, क्योंकि यह पाया गया है कि

*(a)* यह प्रति-मलेरिया औषध का संधारणीय स्रोत है

*(b)* यह जैव डीज़ल का संधारणीय स्रोत है

*(c)* यह कागज उद्योग के लिए लुगदी का संधारणीय स्रोत है

*(d)* यह वस्त्रतंतु का संधारणीय स्रोत है

**32.** निम्नलिखित में से किसका/किनका मापन/आकलन करने के लिए उपग्रह चित्रों/सुदूर संवेदी आँकड़ों का इस्तेमाल किया जाता है?

1. किसी विशेष स्थान की वनस्पति में पर्णहरित का अंश
2. किसी विशेष स्थान के धान के खेतों से ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन
3. किसी विशेष स्थान का भूपृष्ठ तापमान

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**33.** निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिए :

1. छत्तीसगढ़
2. मध्य प्रदेश
3. महाराष्ट्र
4. ओडिशा

उपर्युक्त राज्यों के संदर्भ में, राज्य के कुल क्षेत्रफल की तुलना में वन आच्छादन की प्रतिशतता के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा सही आरोही अनुक्रम है?

*(a)* 2–3–1–4

*(b)* 2–3–4–1

*(c)* 3–2–4–1

*(d)* 3–2–1–4

**34.** 'मेथैन हाइड्रेट' के निक्षेपों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. भूमंडलीय तापन के कारण इन निक्षेपों से मेथैन गैस का निर्मुक्त होना प्रेरित हो सकता है।
2. 'मेथैन हाइड्रेट' के विशाल निक्षेप उत्तरध्रुवीय टुंड्रा में तथा समुद्र अधस्तल के नीचे पाए जाते हैं।
3. वायुमंडल के अंदर मेथैन एक या दो दशक के बाद कार्बन डाइऑक्साइड में ऑक्सीकृत हो जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**35.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. कार्बन मोनोक्साइड
2. मेथैन
3. ओज़ोन
4. सल्फर डाइऑक्साइड

फसल/जैव मात्रा के अवशेषों के दहन के कारण वायुमंडल में उपर्युक्त में से कौन-से निर्मुक्त होते हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2, 3 और 4

*(c)* केवल 1 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**31.** Recently, there was a growing awareness in our country about the importance of Himalayan nettle (*Girardinia diversifolia*) because it is found to be a sustainable source of

*(a)* anti-malarial drug

*(b)* biodiesel

*(c)* pulp for paper industry

*(d)* textile fibre

**32.** For the measurement/estimation of which of the following are satellite images/remote sensing data used?

1. Chlorophyll content in the vegetation of a specific location
2. Greenhouse gas emissions from rice paddies of a specific location
3. Land surface temperatures of a specific location

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**33.** Consider the following States :

1. Chhattisgarh
2. Madhya Pradesh
3. Maharashtra
4. Odisha

With reference to the States mentioned above, in terms of percentage of forest cover to the total area of State, which one of the following is the correct ascending order?

*(a)* 2–3–1–4

*(b)* 2–3–4–1

*(c)* 3–2–4–1

*(d)* 3–2–1–4

**34.** Which of the following statements are correct about the deposits of 'methane hydrate'?

1. Global warming might trigger the release of methane gas from these deposits.
2. Large deposits of 'methane hydrate' are found in Arctic Tundra and under the seafloor.
3. Methane in atmosphere oxidizes to carbon dioxide after a decade or two.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**35.** Consider the following :

1. Carbon monoxide
2. Methane
3. Ozone
4. Sulphur dioxide

Which of the above are released into atmosphere due to the burning of crop/biomass residue?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2, 3 and 4 only

*(c)* 1 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**36.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | सागर | | सागर से लगा हुआ देश |
|---|---|---|---|
| 1. | ऐड्रिऐटिक सागर | : | अल्बानिया |
| 2. | काला सागर | : | क्रोएशिया |
| 3. | कैस्पियन सागर | : | कज़ाकिस्तान |
| 4. | भूमध्य सागर | : | मोरक्को |
| 5. | लाल सागर | : | सीरिया |

उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?

*(a)* केवल 1, 2 और 4

*(b)* केवल 1, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 5

*(d)* 1, 2, 3, 4 और 5

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश पिछले पाँच वर्षों के दौरान विश्व में चावल का सबसे बड़ा निर्यातक रहा है?

*(a)* चीन

*(b)* भारत

*(c)* म्यांमार

*(d)* वियतनाम

**38.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | हिमनद | | नदी |
|---|---|---|---|
| 1. | बंदरपूँछ | : | यमुना |
| 2. | बारा शिग्री | : | चेनाब |
| 3. | मिलाम | : | मंदाकिनी |
| 4. | सियाचिन | : | नुब्रा |
| 5. | जेमू | : | मानस |

उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?

*(a)* 1, 2 और 4

*(b)* 1, 3 और 4

*(c)* 2 और 5

*(d)* 3 और 5

**39.** भारत में कार्बोफ्यूरेन, मेथिल पैराथियॉन, फोरेट और ट्राइऐजोफॉस के इस्तेमाल को आशंका से देखा जाता है। ये रसायन किस रूप में इस्तेमाल किए जाते हैं?

*(a)* कृषि में पीड़कनाशी

*(b)* संसाधित खाद्यों में परिरक्षक

*(c)* फल-पक्वन कारक

*(d)* प्रसाधन सामग्री में नमी बनाए रखने वाले कारक

**40.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रामसर सम्मेलन के अनुसार, भारत के राज्यक्षेत्र में सभी आर्द्र भूमियों को बचाना और संरक्षित रखना भारत सरकार के लिए अधिदेशात्मक है।
2. आर्द्र भूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2010, भारत सरकार ने रामसर सम्मेलन की संस्तुतियों के आधार पर बनाए थे।
3. आर्द्र भूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2010, आर्द्र भूमियों के अपवाह क्षेत्र या जलग्रहण क्षेत्रों को भी सम्मिलित करते हैं, जैसा कि प्राधिकार द्वारा निर्धारित किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**36.** Consider the following pairs :

| *Sea* | | *Bordering country* |
|---|---|---|
| 1. Adriatic Sea | : | Albania |
| 2. Black Sea | : | Croatia |
| 3. Caspian Sea | : | Kazakhstan |
| 4. Mediterranean Sea | : | Morocco |
| 5. Red Sea | : | Syria |

Which of the pairs given above are correctly matched?

*(a)* 1, 2 and 4 only
*(b)* 1, 3 and 4 only
*(c)* 2 and 5 only
*(d)* 1, 2, 3, 4 and 5

**37.** Among the following, which one is the largest exporter of rice in the world in the last five years?

*(a)* China
*(b)* India
*(c)* Myanmar
*(d)* Vietnam

**38.** Consider the following pairs :

| *Glacier* | | *River* |
|---|---|---|
| 1. Bandarpunch | : | Yamuna |
| 2. Bara Shigri | : | Chenab |
| 3. Milam | : | Mandakini |
| 4. Siachen | : | Nubra |
| 5. Zemu | : | Manas |

Which of the pairs given above are correctly matched?

*(a)* 1, 2 and 4
*(b)* 1, 3 and 4
*(c)* 2 and 5
*(d)* 3 and 5

**39.** In India, the use of carbofuran, methyl parathion, phorate and triazophos is viewed with apprehension. These chemicals are used as

*(a)* pesticides in agriculture
*(b)* preservatives in processed foods
*(c)* fruit-ripening agents
*(d)* moisturising agents in cosmetics

**40.** Consider the following statements :

1. Under Ramsar Convention, it is mandatory on the part of the Government of India to protect and conserve all the wetlands in the territory of India.
2. The Wetlands (Conservation and Management) Rules, 2010 were framed by the Government of India based on the recommendations of Ramsar Convention.
3. The Wetlands (Conservation and Management) Rules, 2010 also encompass the drainage area or catchment regions of the wetlands as determined by the authority.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2 only
*(b)* 2 and 3 only
*(c)* 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कृषि मृदाएँ पर्यावरण में नाइट्रोजन के ऑक्साइड निर्मुक्त करती हैं।
2. मवेशी पर्यावरण में अमोनिया निर्मुक्त करते हैं।
3. कुक्कुट उद्योग पर्यावरण में अभिक्रियाशील नाइट्रोजन यौगिक निर्मुक्त करते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 2

*(d)* 1, 2 और 3

42. अलियार, इसापुर और कंसाबती जैसे ज्ञात स्थानों में क्या समानता है?

*(a)* हाल ही में खोजे गए यूरेनियम निक्षेप

*(b)* उष्णकटिबंधीय वर्षावन

*(c)* भूमिगत गुफा तंत्र

*(d)* जल भंडार

43. सार्वजनिक परिवहन में बसों के लिए ईंधन के रूप में हाइड्रोजन संवर्धित CNG (H-CNG) का इस्तेमाल करने के प्रस्तावों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. H-CNG के इस्तेमाल का मुख्य लाभ कार्बन मोनोक्साइड के उत्सर्जनों का विलोपन है।
2. ईंधन के रूप में H-CNG कार्बन डाइऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन उत्सर्जनों को कम करती है।
3. बसों के लिए ईंधन के रूप में CNG के साथ हाइड्रोजन को आयतन के आधार पर पाँचवें हिस्से तक मिलाया जा सकता है।
4. CNG की अपेक्षा H-CNG ईंधन को कम खर्चीला बनाती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

44. मेघाच्छादित रात में ओस की बूँदें क्यों **नहीं** बनतीं?

*(a)* भूपृष्ठ से निर्मुक्त विकिरण को बादल अवशोषित कर लेते हैं।

*(b)* पृथ्वी के विकिरण को बादल वापस परावर्तित कर देते हैं।

*(c)* मेघाच्छादित रातों में भूपृष्ठ का तापमान कम होता है।

*(d)* बादल बहते हुए पवन को भूमितल की ओर विक्षेपित कर देते हैं।

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान के 44वें संशोधन द्वारा लाए गए एक अनुच्छेद ने प्रधानमंत्री के निर्वाचन को न्यायिक पुनर्विलोकन के परे कर दिया।
2. भारत के संविधान के 99वें संशोधन को भारत के उच्चतम न्यायालय ने अभिखंडित कर दिया क्योंकि यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता का अतिक्रमण करता था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

**41.** Consider the following statements :

1. Agricultural soils release nitrogen oxides into environment.
2. Cattle release ammonia into environment.
3. Poultry industry releases reactive nitrogen compounds into environment.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 2 only

*(d)* 1, 2 and 3

**42.** What is common to the places known as Aliyar, Isapur and Kangsabati?

*(a)* Recently discovered uranium deposits

*(b)* Tropical rain forests

*(c)* Underground cave systems

*(d)* Water reservoirs

**43.** In the context of proposals to the use of hydrogen-enriched CNG (H-CNG) as fuel for buses in public transport, consider the following statements :

1. The main advantage of the use of H-CNG is the elimination of carbon monoxide emissions.
2. H-CNG as fuel reduces carbon dioxide and hydrocarbon emissions.
3. Hydrogen up to one-fifth by volume can be blended with CNG as fuel for buses.
4. H-CNG makes the fuel less expensive than CNG.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**44.** Why are dewdrops ***not*** formed on a cloudy night?

*(a)* Clouds absorb the radiation released from the Earth's surface.

*(b)* Clouds reflect back the Earth's radiation.

*(c)* The Earth's surface would have low temperature on cloudy nights.

*(d)* Clouds deflect the blowing wind to ground level.

**45.** Consider the following statements :

1. The 44th Amendment to the Constitution of India introduced an Article placing the election of the Prime Minister beyond judicial review.
2. The Supreme Court of India struck down the 99th Amendment to the Constitution of India as being violative of the independence of judiciary.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2



WRAP Exams

**46.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. न्यायाधीश (जाँच) अधिनियम, 1968 के अनुसार, भारत के उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश पर महाभियोग चलाने के प्रस्ताव को लोक सभा के अध्यक्ष द्वारा अस्वीकार नहीं किया जा सकता।
2. भारत का संविधान यह परिभाषित करता है और ब्यौरे देता है कि क्या-क्या भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की 'अक्षमता और सिद्ध कदाचार' को गठित करते हैं।
3. भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के महाभियोग की प्रक्रिया के ब्यौरे न्यायाधीश (जाँच) अधिनियम, 1968 में दिए गए हैं।
4. यदि किसी न्यायाधीश के महाभियोग के प्रस्ताव को मतदान हेतु लिया जाता है, तो विधि द्वारा अपेक्षित है कि यह प्रस्ताव संसद के प्रत्येक सदन द्वारा समर्थित हो और उस सदन की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा तथा संसद के उस सदन के कुल उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम-से-कम दो-तिहाई द्वारा समर्थित हो।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* 1, 3 और 4

**47.** किस प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान भारत के संविधान में नौवीं अनुसूची को पुरःस्थापित किया गया था?

*(a)* जवाहरलाल नेहरू

*(b)* लाल बहादुर शास्त्री

*(c)* इंदिरा गाँधी

*(d)* मोरारजी देसाई

**48.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत सरकार द्वारा कोयला क्षेत्र का राष्ट्रीयकरण इंदिरा गाँधी के कार्यकाल में किया गया था।
2. वर्तमान में, कोयला खंडों का आबंटन लॉटरी के आधार पर किया जाता है।
3. भारत हाल के समय तक घरेलू आपूर्ति की कमी को पूरा करने के लिए कोयले का आयात करता था, किन्तु अब भारत कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भर है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**49.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संसद (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1959 कई पदों को 'लाभ का पद' के आधार पर निरर्हता से छूट देता है।
2. उपर्युक्त अधिनियम पाँच बार संशोधित किया गया था।
3. शब्द 'लाभ का पद' भारत के संविधान में भली-भाँति परिभाषित किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**50.** भारत के संविधान की किस अनुसूची के अधीन जनजातीय भूमि का, खनन के लिए निजी पक्षकारों को अंतरण अकृत और शून्य घोषित किया जा सकता है?

*(a)* तीसरी अनुसूची

*(b)* पाँचवीं अनुसूची

*(c)* नौवीं अनुसूची

*(d)* बारहवीं अनुसूची



WRAP Exams

**46.** Consider the following statements :

1. The motion to impeach a Judge of the Supreme Court of India cannot be rejected by the Speaker of the Lok Sabha as per the Judges (Inquiry) Act, 1968.
2. The Constitution of India defines and gives details of what constitutes 'incapacity and proved misbehaviour' of the Judges of the Supreme Court of India.
3. The details of the process of impeachment of the Judges of the Supreme Court of India are given in the Judges (Inquiry) Act, 1968.
4. If the motion for the impeachment of a Judge is taken up for voting, the law requires the motion to be backed by each House of the Parliament and supported by a majority of total membership of that House and by not less than two-thirds of total members of that House present and voting.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2

*(b)* 3 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1, 3 and 4

**47.** The Ninth Schedule was introduced in the Constitution of India during the prime ministership of

*(a)* Jawaharlal Nehru

*(b)* Lal Bahadur Shastri

*(c)* Indira Gandhi

*(d)* Morarji Desai

**48.** Consider the following statements :

1. Coal sector was nationalized by the Government of India under Indira Gandhi.
2. Now, coal blocks are allocated on lottery basis.
3. Till recently, India imported coal to meet the shortages of domestic supply, but now India is self-sufficient in coal production.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**49.** Consider the following statements :

1. The Parliament (Prevention of Disqualification) Act, 1959 exempts several posts from disqualification on the grounds of 'Office of Profit'.
2. The above-mentioned Act was amended five times.
3. The term 'Office of Profit' is well-defined in the Constitution of India.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**50.** Under which Schedule of the Constitution of India can the transfer of tribal land to private parties for mining be declared null and void?

*(a)* Third Schedule

*(b)* Fifth Schedule

*(c)* Ninth Schedule

*(d)* Twelfth Schedule

**51.** भारत में विशिष्टतः असुरक्षित जनजातीय समूहों [पर्टिकुलरली वल्नरेबल ट्राइबल ग्रुप्स (PVTGs)] के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. PVTGs देश के 18 राज्यों तथा एक संघ राज्यक्षेत्र में निवास करते हैं।
2. स्थिर या कम होती जनसंख्या, PVTG स्थिति के निर्धारण के मानदंडों में से एक है।
3. देश में अब तक 95 PVTGs आधिकारिक रूप से अधिसूचित हैं।
4. PVTGs की सूची में ईरूलार और कोंडा रेड्डी जनजातियाँ शामिल की गई हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* 1, 2 और 4

*(d)* 1, 3 और 4

**52.** भारत के संविधान के संदर्भ में, सामान्य विधियों में अंतर्विष्ट प्रतिषेध अथवा निर्बंधन अथवा उपबंध, अनुच्छेद 142 के अधीन सांविधानिक शक्तियों पर प्रतिषेध अथवा निर्बंधन की तरह कार्य नहीं कर सकते। निम्नलिखित में से कौन-सा एक, इसका अर्थ हो सकता है?

*(a)* भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय लिए गए निर्णयों को किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।

*(b)* भारत का उच्चतम न्यायालय अपनी शक्तियों के प्रयोग में संसद द्वारा निर्मित विधियों से बाध्य नहीं होता।

*(c)* देश में गंभीर वित्तीय संकट की स्थिति में, भारत का राष्ट्रपति मंत्रिमंडल के परामर्श के बिना वित्तीय आपात घोषित कर सकता है।

*(d)* कुछ मामलों में राज्य विधानमंडल, संघ विधानमंडल की सहमति के बिना, विधि निर्मित नहीं कर सकते।

**53.** भारत के किसी राज्य की विधान सभा के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वर्ष के प्रथम सत्र के प्रारंभ में राज्यपाल सदन के सदस्यों के लिए रूढ़िगत संबोधन करता है।
2. जब किसी विशिष्ट विषय पर राज्य विधानमंडल के पास कोई नियम नहीं होता, तो उस विषय पर वह लोक सभा के नियम का पालन करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2



WRAP Exams

**51.** Consider the following statements about Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs) in India :

1. PVTGs reside in 18 States and one Union Territory.
2. A stagnant or declining population is one of the criteria for determining PVTG status.
3. There are 95 PVTGs officially notified in the country so far.
4. Irular and Konda Reddi tribes are included in the list of PVTGs.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 1, 2 and 4

*(d)* 1, 3 and 4

**52.** With reference to the Constitution of India, prohibitions or limitations or provisions contained in ordinary laws cannot act as prohibitions or limitations on the constitutional powers under Article 142. It could mean which one of the following?

*(a)* The decisions taken by the Election Commission of India while discharging its duties cannot be challenged in any court of law.

*(b)* The Supreme Court of India is not constrained in the exercise of its powers by laws made by the Parliament.

*(c)* In the event of grave financial crisis in the country, the President of India can declare Financial Emergency without the counsel from the Cabinet.

*(d)* State Legislatures cannot make laws on certain matters without the concurrence of Union Legislature.

**53.** With reference to the Legislative Assembly of a State in India, consider the following statements :

1. The Governor makes a customary address to Members of the House at the commencement of the first session of the year.
2. When a State Legislature does not have a rule on a particular matter, it follows the Lok Sabha rule on that matter.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2



WRAP Exams

**54.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन [यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन अगेंस्ट करप्शन (UNCAC)] का 'भूमि, समुद्र और वायुमार्ग से प्रवासियों की तस्करी के विरुद्ध एक प्रोटोकॉल' होता है।
2. UNCAC अब तक का सबसे पहला विधितः बाध्यकारी सार्वभौम भ्रष्टाचार-निरोधी लिखत है।
3. राष्ट्र-पार संगठित अपराध के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन [यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन अगेंस्ट ट्रांसनैशनल ऑर्गेनाइज़्ड क्राइम (UNTOC)] की एक विशिष्टता ऐसे एक विशिष्ट अध्याय का समावेशन है, जिसका लक्ष्य उन संपत्तियों को उनके वैध स्वामियों को लौटाना है जिनसे वे अवैध तरीके से ले ली गई थीं।
4. मादक द्रव्य और अपराध विषयक संयुक्त राष्ट्र कार्यालय [यूनाइटेड नेशंस ऑफिस ऑन ड्रग्स ऐंड क्राइम (UNODC)] संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राज्यों द्वारा UNCAC और UNTOC दोनों के कार्यान्वयन में सहयोग करने के लिए अधिदेशित है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**55.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारतीय वन अधिनियम, 1927 में हाल में हुए संशोधन के अनुसार, वन निवासियों को वनक्षेत्रों में उगने वाले बाँस को काट गिराने का अधिकार है।
2. अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारंपरिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अनुसार, बाँस एक गौण वनोपज है।
3. अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारंपरिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006, वन निवासियों को गौण वनोपज के स्वामित्व की अनुमति देता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**56.** भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने के किसी व्यक्ति के अधिकार को संरक्षण देता है?

*(a)* अनुच्छेद 19

*(b)* अनुच्छेद 21

*(c)* अनुच्छेद 25

*(d)* अनुच्छेद 29

**54.** Consider the following statements :

1. The United Nations Convention against Corruption (UNCAC) has a 'Protocol against the Smuggling of Migrants by Land, Sea and Air'.
2. The UNCAC is the ever-first legally binding global anti-corruption instrument.
3. A highlight of the United Nations Convention against Transnational Organized Crime (UNTOC) is the inclusion of a specific chapter aimed at returning assets to their rightful owners from whom they had been taken illicitly.
4. The United Nations Office on Drugs and Crime (UNODC) is mandated by its member States to assist in the implementation of both UNCAC and UNTOC.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2, 3 and 4 only

*(c)* 2 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**55.** Consider the following statements :

1. As per recent amendment to the Indian Forest Act, 1927, forest dwellers have the right to fell the bamboos grown on forest areas.
2. As per the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006, bamboo is a minor forest produce.
3. The Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006 allows ownership of minor forest produce to forest dwellers.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**56.** Which Article of the Constitution of India safeguards one's right to marry the person of one's choice?

*(a)* Article 19

*(b)* Article 21

*(c)* Article 25

*(d)* Article 29

**57.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारतीय पेटेंट अधिनियम के अनुसार, किसी बीज को बनाने की जैव प्रक्रिया को भारत में पेटेंट कराया जा सकता है।
2. भारत में कोई बौद्धिक संपदा अपील बोर्ड नहीं है।
3. पादप किस्में भारत में पेटेंट कराए जाने के पात्र नहीं हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**58.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 भारत सरकार को सशक्त करता है कि

1. वह पर्यावरणीय संरक्षण की प्रक्रिया में लोक सहभागिता की आवश्यकता का और इसे हासिल करने की प्रक्रिया और रीति का विवरण दे
2. वह विभिन्न स्रोतों से पर्यावरणीय प्रदूषकों के उत्सर्जन या विसर्जन के मानक निर्धारित करे

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

**59.** भारत में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

*(a)* अपशिष्ट उत्पादक को पाँच कोटियों में अपशिष्ट अलग-अलग करने होंगे।

*(b)* ये नियम केवल अधिसूचित नगरीय स्थानीय निकायों, अधिसूचित नगरों तथा सभी औद्योगिक नगरों पर ही लागू होंगे।

*(c)* इन नियमों में अपशिष्ट भराव स्थलों तथा अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाओं के लिए सटीक और ब्यौरेवार मानदंड उपबंधित हैं।

*(d)* अपशिष्ट उत्पादक के लिए यह आज्ञापक होगा कि किसी एक जिले में उत्पादित अपशिष्ट, किसी अन्य जिले में न ले जाया जाए।

**60.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) केंद्रीय (संशोधन) नियम, 2018 के अनुसार

1. यदि नियत अवधि रोजगार के लिए नियमों को कार्यान्वित किया जाता है, तो फर्म/कंपनियों के लिए कामगारों की छँटनी करना अपेक्षाकृत आसान हो जाता है
2. अस्थायी कामगारों के मामलों में रोजगार समाप्त करने के लिए कोई नोटिस देना आवश्यक नहीं होगा

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

**57.** Consider the following statements :

1. According to the Indian Patents Act, a biological process to create a seed can be patented in India.
2. In India, there is no Intellectual Property Appellate Board.
3. Plant varieties are not eligible to be patented in India.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**58.** Consider the following statements :

The Environment Protection Act, 1986 empowers the Government of India to

1. state the requirement of public participation in the process of environmental protection, and the procedure and manner in which it is sought
2. lay down the standards for emission or discharge of environmental pollutants from various sources

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**59.** As per the Solid Waste Management Rules, 2016 in India, which one of the following statements is correct?

*(a)* Waste generator has to segregate waste into five categories.

*(b)* The Rules are applicable to notified urban local bodies, notified towns and all industrial townships only.

*(c)* The Rules provide for exact and elaborate criteria for the identification of sites for landfills and waste processing facilities.

*(d)* It is mandatory on the part of waste generator that the waste generated in one district cannot be moved to another district.

**60.** Consider the following statements :

As per the Industrial Employment (Standing Orders) Central (Amendment) Rules, 2018

1. if rules for fixed-term employment are implemented, it becomes easier for the firms/companies to lay off workers
2. no notice of termination of employment shall be necessary in the case of temporary workman

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2



WRAP Exams

**61.** सेवा क्षेत्र उपागम किसके कार्यक्षेत्र के अधीन कार्यान्वित किया गया था?

*(a)* एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम

*(b)* अग्रणी बैंक योजना (लीड बैंक स्कीम)

*(c)* महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना

*(d)* राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन

**62.** भारत में गौण खनिज के प्रबंधन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस देश में विद्यमान विधि के अनुसार रेत एक 'गौण खनिज' है।
2. गौण खनिजों के खनन पट्टे प्रदान करने की शक्ति राज्य सरकारों के पास है, किन्तु गौण खनिजों को प्रदान करने से संबंधित नियमों को बनाने के बारे में शक्तियाँ केन्द्र सरकार के पास हैं।
3. गौण खनिजों के अवैध खनन को रोकने के लिए नियम बनाने की शक्ति राज्य सरकारों के पास है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**63.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत का अधिकांश विदेशी ऋण सरकारी सत्वों के ऋणी होने के द्वारा है।
2. भारत का सारा विदेशी ऋण US डॉलर के मूल्यवर्ग में है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

**64.** भारत में किसी वाणिज्यिक बैंक की परिसंपत्ति में निम्नलिखित में से क्या शामिल **नहीं** है?

*(a)* अग्रिम

*(b)* जमा

*(c)* निवेश

*(d)* माँग तथा अल्प सूचना मुद्रा (मनी ऐट कॉल ऐंड शॉर्ट नोटिस)

**65.** भारत के संदर्भ में, मुद्रा संकट के जोखिम को कम करने में निम्नलिखित में से किस/किन कारक/कारकों का योगदान है?

1. भारत के IT सेक्टर के विदेशी मुद्रा अर्जन का
2. सरकारी व्यय के बढ़ने का
3. विदेशस्थ भारतीयों द्वारा भेजे गए धन का

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2

*(d)* 1, 2 और 3



WRAP Exams

**61.** The Service Area Approach was implemented under the purview of

*(a)* Integrated Rural Development Programme

*(b)* Lead Bank Scheme

*(c)* Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme

*(d)* National Skill Development Mission

**62.** With reference to the management of minor minerals in India, consider the following statements :

1. Sand is a 'minor mineral' according to the prevailing law in the country.
2. State Governments have the power to grant mining leases of minor minerals, but the powers regarding the formation of rules related to the grant of minor minerals lie with the Central Government.
3. State Governments have the power to frame rules to prevent illegal mining of minor minerals.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**63.** Consider the following statements :

1. Most of India's external debt is owed by governmental entities.
2. All of India's external debt is denominated in US dollars.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**64.** Which of the following is ***not*** included in the assets of a commercial bank in India?

*(a)* Advances

*(b)* Deposits

*(c)* Investments

*(d)* Money at call and short notice

**65.** In the context of India, which of the following factors is/are contributor/contributors to reducing the risk of a currency crisis?

1. The foreign currency earnings of India's IT sector
2. Increasing the government expenditure
3. Remittances from Indians abroad

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 only

*(d)* 1, 2 and 3



WRAP Exams

**66.** निम्नलिखित में से किस एक का यह सुझाव था कि राज्यपाल को उस राज्य के बाहर का एक प्रतिष्ठित व्यक्ति होना चाहिए और उसे एक ऐसा तटस्थ व्यक्ति होना चाहिए जिसके गहन राजनीतिक जुड़ाव न हों या उसने हाल के पिछले वर्षों में राजनीति में भाग नहीं लिया हो?

*(a)* पहला प्रशासनिक सुधार आयोग (1966)

*(b)* राजमन्नार समिति (1969)

*(c)* सरकारिया आयोग (1983)

*(d)* संविधान के कार्यचालन की समीक्षा हेतु राष्ट्रीय आयोग (2000)

**67.** पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा उन विदेशी निवेशकों को, जो स्वयं को सीधे पंजीकृत कराए बिना भारतीय स्टॉक बाजार का हिस्सा बनना चाहते हैं, निम्नलिखित में से क्या जारी किया जाता है?

*(a)* जमा प्रमाण-पत्र

*(b)* वाणिज्यिक पत्र

*(c)* वचन-पत्र (प्रॉमिसरी नोट)

*(d)* सहभागिता पत्र (पार्टिसिपेटरी नोट)

**68.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विधि के अनुसार, प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण, राष्ट्रीय तथा राज्य, दोनों स्तरों पर होते हैं।
2. प्रतिपूरक वनीकरण निधि अधिनियम, 2016 के अधीन चलाए गए प्रतिपूरक वनीकरण कार्यक्रमों में लोगों की सहभागिता अनिवार्य (मैंडेटरि) है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

**69.** भारत में दूरसंचार, बीमा, विद्युत् आदि जैसे क्षेत्रकों में स्वतंत्र नियामकों का पुनरीक्षण निम्नलिखित में से कौन करते/करती हैं?

1. संसद द्वारा गठित तदर्थ समितियाँ
2. संसदीय विभाग संबंधी स्थायी समितियाँ
3. वित्त आयोग
4. वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग
5. नीति (NITI) आयोग

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1 और 2

*(b)* 1, 3 और 4

*(c)* 3, 4 और 5

*(d)* 2 और 5

**70.** भारत की पंचवर्षीय योजनाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. दूसरी पंचवर्षीय योजना से बुनियादी तथा पूँजीगत वस्तु उद्योगों के प्रतिस्थापन की दिशा में निश्चयात्मक जोर दिया गया।
2. चौथी पंचवर्षीय योजना में संपत्ति तथा आर्थिक शक्ति के बढ़ते संकेंद्रण की पूर्व प्रवृत्ति के सुधार का उद्देश्य अपनाया गया।
3. पाँचवीं पंचवर्षीय योजना में, पहली बार, वित्तीय क्षेत्रक को योजना के अभिन्न अंग के रूप में शामिल किया गया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3



WRAP Exams

**66.** Which one of the following suggested that the Governor should be an eminent person from outside the State and should be a detached figure without intense political links or should not have taken part in politics in the recent past?

*(a)* First Administrative Reforms Commission (1966)

*(b)* Rajamannar Committee (1969)

*(c)* Sarkaria Commission (1983)

*(d)* National Commission to Review the Working of the Constitution (2000)

**67.** Which of the following is issued by registered foreign portfolio investors to overseas investors who want to be part of the Indian stock market without registering themselves directly?

*(a)* Certificate of Deposit

*(b)* Commercial Paper

*(c)* Promissory Note

*(d)* Participatory Note

**68.** Consider the following statements :

1. As per law, the Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority exists at both National and State levels.
2. People's participation is mandatory in the compensatory afforestation programmes carried out under the Compensatory Afforestation Fund Act, 2016.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**69.** In India, which of the following review the independent regulators in sectors like telecommunications, insurance, electricity, etc.?

1. Ad Hoc Committees set up by the Parliament
2. Parliamentary Department Related Standing Committees
3. Finance Commission
4. Financial Sector Legislative Reforms Commission
5. NITI Aayog

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2

*(b)* 1, 3 and 4

*(c)* 3, 4 and 5

*(d)* 2 and 5

**70.** With reference to India's Five-Year Plans, which of the following statements is/are correct?

1. From the Second Five-Year Plan, there was a determined thrust towards substitution of basic and capital good industries.
2. The Fourth Five-Year Plan adopted the objective of correcting the earlier trend of increased concentration of wealth and economic power.
3. In the Fifth Five-Year Plan, for the first time, the financial sector was included as an integral part of the Plan.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**71.** एशियाई आधारिक-संरचना निवेश बैंक [एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट बैंक (AIIB)] के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. AIIB के 80 से अधिक सदस्य राष्ट्र हैं।
2. AIIB में भारत सबसे बड़ा शेयरधारक है।
3. AIIB में एशिया से बाहर का कोई सदस्य नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**72.** हाल ही में, भारतीय बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा अंतर-ऋणदाता करार (इंटर-क्रेडिटर ऐग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर करने का क्या उद्देश्य था?

*(a)* भारत सरकार के राजकोषीय घाटे और चालू लेखा घाटे के वर्षानुवर्ष पड़ने वाले भार को कम करना

*(b)* केन्द्रीय और राज्य सरकारों की आधारिक-संरचना परियोजनाओं को संबल प्रदान करना

*(c)* ₹50 करोड़ या अधिक के ऋणों के आवेदनों के मामले में स्वतंत्र नियामक के रूप में कार्य करना

*(d)* ₹50 करोड़ या अधिक की दबावयुक्त परिसंपत्तियों (स्ट्रेस्ड ऐसेट्स) का, जो सह-संघ उधारी (कॉन्सॉर्टियम लेंडिंग) के अंतर्गत हैं, अधिक तेजी से समाधान करने का लक्ष्य रखना

**73.** सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों के अध्यक्षों का चयन कौन करता है?

*(a)* बैंक बोर्ड ब्यूरो

*(b)* भारतीय रिज़र्व बैंक

*(c)* केंद्रीय वित्त मंत्रालय

*(d)* संबंधित बैंक का प्रबंधन

**74.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड [पेट्रोलियम ऐंड नेचुरल गैस रेग्युलेटरि बोर्ड (PNGRB)] भारत सरकार द्वारा स्थापित प्रथम नियामक निकाय है।
2. PNGRB का एक कार्य गैस के लिए प्रतियोगी बाजारों को सुनिश्चित करना है।
3. PNGRB के निर्णयों के विरुद्ध अपील, विद्युत् अपील अधिकरण के समक्ष की जाती है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**75.** संचार प्रौद्योगिकियों के संदर्भ में, LTE (लॉन्ग-टर्म इवॉल्यूशन) और VoLTE (वॉइस ओवर लॉन्ग-टर्म इवॉल्यूशन) के बीच क्या अंतर है/हैं?

1. LTE को साधारणतः 3G के रूप में विपणित किया जाता है तथा VoLTE को साधारणतः उन्नत 3G के रूप में विपणित किया जाता है।
2. LTE डेटा-ओन्लि तकनीक है और VoLTE वॉइस-ओन्लि तकनीक है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

**71.** With reference to Asian Infrastructure Investment Bank (AIIB), consider the following statements :

1. AIIB has more than 80 member nations.
2. India is the largest shareholder in AIIB.
3. AIIB does not have any members from outside Asia.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only
*(b)* 2 and 3 only
*(c)* 1 and 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

**72.** What was the purpose of Inter-Creditor Agreement signed by Indian banks and financial institutions recently?

*(a)* To lessen the Government of India's perennial burden of fiscal deficit and current account deficit
*(b)* To support the infrastructure projects of Central and State Governments
*(c)* To act as independent regulator in case of applications for loans of ₹ 50 crore or more
*(d)* To aim at faster resolution of stressed assets of ₹ 50 crore or more which are under consortium lending

**73.** The Chairmen of public sector banks are selected by the

*(a)* Banks Board Bureau
*(b)* Reserve Bank of India
*(c)* Union Ministry of Finance
*(d)* Management of concerned bank

**74.** Consider the following statements :

1. Petroleum and Natural Gas Regulatory Board (PNGRB) is the first regulatory body set up by the Government of India.
2. One of the tasks of PNGRB is to ensure competitive markets for gas.
3. Appeals against the decisions of PNGRB go before the Appellate Tribunals for Electricity.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 2 only
*(b)* 2 and 3 only
*(c)* 1 and 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

**75.** With reference to communication technologies, what is/are the difference/differences between LTE (Long-Term Evolution) and VoLTE (Voice over Long-Term Evolution)?

1. LTE is commonly marketed as 3G and VoLTE is commonly marketed as advanced 3G.
2. LTE is data-only technology and VoLTE is voice-only technology.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only
*(b)* 2 only
*(c)* Both 1 and 2
*(d)* Neither 1 nor 2



WRAP Exams

**76.** मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. गर्भवती महिलाएँ, प्रसव-पूर्व तीन महीने और प्रसवोत्तर तीन महीने के लिए सवेतन अवकाश की हकदार हैं।
2. शिशुगृहों वाले प्रतिष्ठानों के लिए माता को प्रतिदिन कम-से-कम छह बार शिशुगृह जाने की अनुमति देना अनिवार्य होगा।
3. दो बच्चों वाली महिलाओं को न्यूनीकृत हक मिलेंगे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**77.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक विश्व बैंक के 'कारोबार सुगमता सूचकांक (ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस इंडेक्स)' का उप-सूचकांक **नहीं है**?

*(a)* कानून और व्यवस्था बनाए रखना

*(b)* करों का भुगतान करना

*(c)* संपत्ति का पंजीकरण कराना

*(d)* निर्माण परमिट संबंधी कार्य करना

**78.** भारत में निम्नलिखित में से किसमें एक महत्त्वपूर्ण विशेषता के रूप में 'विस्तारित उत्पादक दायित्व' आरंभ किया गया था?

*(a)* जैव चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबंधन और हस्तन) नियम, 1998

*(b)* पुनर्चक्रित प्लास्टिक (निर्माण और उपयोग) नियम, 1999

*(c)* ई-अपशिष्ट (प्रबंधन और हस्तन) नियम, 2011

*(d)* खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम, 2011

**79.** भारतीय खाद्य निगम के लिए खाद्यान्नों की आर्थिक लागत में न्यूनतम समर्थन मूल्य और किसानों को भुगतान किए गए बोनस (यदि कुछ है) के साथ-साथ और क्या शामिल है/हैं?

*(a)* केवल परिवहन लागत

*(b)* केवल ब्याज लागत

*(c)* प्रापण प्रासंगिक प्रभार तथा वितरण लागत

*(d)* प्रापण प्रासंगिक प्रभार तथा गोदामों के प्रभार

**80.** किसी भी देश के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किसे उस देश की सामाजिक पूँजी (सोशल कैपिटल) के भाग के रूप में समझा जाएगा?

*(a)* जनसंख्या में साक्षरों का अनुपात

*(b)* इसके भवनों, अन्य आधारिक संरचना और मशीनों का स्टॉक

*(c)* कार्यशील आयु समूह में जनसंख्या का आमाप

*(d)* समाज में आपसी भरोसे और सामंजस्य का स्तर



WRAP Exams

76. Which of the following statements is/are correct regarding the Maternity Benefit (Amendment) Act, 2017?

1. Pregnant women are entitled for three months pre-delivery and three months post-delivery paid leave.
2. Enterprises with crèches must allow the mother minimum six crèche visits daily.
3. Women with two children get reduced entitlements.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only
(b) 2 only
(c) 3 only
(d) 1, 2 and 3

77. Which one of the following is ***not*** a sub-index of the World Bank's 'Ease of Doing Business Index'?

(a) Maintenance of law and order
(b) Paying taxes
(c) Registering property
(d) Dealing with construction permits

78. In India, 'extended producer responsibility' was introduced as an important feature in which of the following?

(a) The Bio-medical Waste (Management and Handling) Rules, 1998
(b) The Recycled Plastic (Manufacturing and Usage) Rules, 1999
(c) The e-Waste (Management and Handling) Rules, 2011
(d) The Food Safety and Standard Regulations, 2011

79. The economic cost of food grains to the Food Corporation of India is Minimum Support Price and bonus (if any) paid to the farmers plus

(a) transportation cost only
(b) interest cost only
(c) procurement incidentals and distribution cost
(d) procurement incidentals and charges for godowns

80. In the context of any country, which one of the following would be considered as part of its social capital?

(a) The proportion of literates in the population
(b) The stock of its buildings, other infrastructure and machines
(c) The size of population in the working age group
(d) The level of mutual trust and harmony in the society



WRAP Exams

WRAP Exams

**81.** भारत के संविधान के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. किसी भी केंद्रीय विधि को सांविधानिक रूप से अवैध घोषित करने की किसी भी उच्च न्यायालय की अधिकारिता नहीं होगी।
2. भारत के संविधान के किसी भी संशोधन पर भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रश्न नहीं उठाया जा सकता।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

**82.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. क्रय शक्ति समता [परचेज़िंग पावर पैरिटि (PPP)] विनिमय दरों की गणना विभिन्न देशों में एकसमान वस्तुओं और सेवाओं के मूल्यों की तुलना कर की जाती है।
2. PPP डॉलर के संदर्भ में, भारत विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1, न ही 2

**83.** भारत में पिछले पाँच वर्षों में खरीफ़ की फसलों की खेती के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. धान की खेती के अंतर्गत क्षेत्र अधिकतम है।
2. ज्वार की खेती के अंतर्गत क्षेत्र, तिलहनों की खेती के अंतर्गत क्षेत्र की तुलना में अधिक है।
3. कपास की खेती का क्षेत्र, गन्ने की खेती के क्षेत्र की तुलना में अधिक है।
4. गन्ने की खेती के अंतर्गत क्षेत्र निरंतर घटा है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**84.** भारत द्वारा आयातित कृषि जिंसों में, पिछले पाँच वर्षों में निम्नलिखित में से किस एक का मूल्य के आधार पर अधिकतम आयात रहा है?

*(a)* मसाले

*(b)* ताजे फल

*(c)* दलहन

*(d)* वनस्पति तेल

**85.** राज्य-व्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किस एक को आप स्वतंत्रता की सर्वाधिक उपयुक्त व्याख्या के रूप में स्वीकार करेंगे?

*(a)* राजनीतिक शासकों की तानाशाही के विरुद्ध संरक्षण

*(b)* नियंत्रण का अभाव

*(c)* इच्छानुसार कुछ भी करने का अवसर

*(d)* स्वयं को पूर्णतः विकसित करने का अवसर

**81.** With reference to the Constitution of India, consider the following statements :

1. No High Court shall have the jurisdiction to declare any central law to be constitutionally invalid.
2. An amendment to the Constitution of India cannot be called into question by the Supreme Court of India.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**82.** Consider the following statements :

1. Purchasing Power Parity (PPP) exchange rates are calculated by comparing the prices of the same basket of goods and services in different countries.
2. In terms of PPP dollars, India is the sixth largest economy in the world.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**83.** With reference to the cultivation of Kharif crops in India in the last five years, consider the following statements :

1. Area under rice cultivation is the highest.
2. Area under the cultivation of jowar is more than that of oilseeds.
3. Area of cotton cultivation is more than that of sugarcane.
4. Area under sugarcane cultivation has steadily decreased.

Which of the statements given above are correct?

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2, 3 and 4 only

*(c)* 2 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**84.** Among the agricultural commodities imported by India, which one of the following accounts for the highest imports in terms of value in the last five years?

*(a)* Spices

*(b)* Fresh fruits

*(c)* Pulses

*(d)* Vegetable oils

**85.** In the context of polity, which one of the following would you accept as the most appropriate definition of liberty?

*(a)* Protection against the tyranny of political rulers

*(b)* Absence of restraint

*(c)* Opportunity to do whatever one likes

*(d)* Opportunity to develop oneself fully



WRAP Exams

**86.** भारतीय रुपए की गिरावट रोकने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा एक सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किया जाने वाला सर्वाधिक संभावित उपाय **नहीं** है?

*(a)* गैर-ज़रूरी वस्तुओं के आयात पर नियंत्रण और निर्यात को प्रोत्साहन

*(b)* भारतीय उधारकर्ताओं को रुपए मूल्यवर्ग के मसाला बॉन्ड जारी करने हेतु प्रोत्साहित करना

*(c)* विदेशी वाणिज्यिक उधारी से संबंधित दशाओं को आसान बनाना

*(d)* एक प्रसरणशील मौद्रिक नीति का अनुसरण करना

**87.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

'भुगतान प्रणाली आँकड़ों के भंडारण (स्टोरेज ऑफ पेमेंट सिस्टम डेटा)' के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के हाल का निदेश, जिसे प्रचलित रूप से डेटा डिक्टैट के रूप में जाना जाता है, भुगतान प्रणाली प्रदाताओं (पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर्स) को समादेशित करता है कि

1. वे यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके द्वारा संचालित भुगतान प्रणालियों से संबंधित समग्र आँकड़े एक प्रणाली के अंतर्गत केवल भारत में भंडारित किए जाएँ
2. वे यह सुनिश्चित करेंगे कि इन प्रणालियों का स्वामित्व और संचालन सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम ही करें
3. वे कैलेंडर वर्ष की समाप्ति तक भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को समेकित प्रणाली लेखापरीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**88.** निम्नलिखित में से किसने अपने नागरिकों के लिए दत्त संरक्षण (डेटा प्रोटेक्शन) और प्राइवेसी के लिए 'सामान्य दत्त संरक्षण विनियमन (जेनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन)' नामक एक कानून अप्रैल 2016 में अपनाया और उसका 25 मई, 2018 से कार्यान्वयन शुरू किया?

*(a)* ऑस्ट्रेलिया

*(b)* कनाडा

*(c)* यूरोपीय संघ (यूरोपियन यूनियन)

*(d)* संयुक्त राज्य अमरीका

**89.** हाल ही में भारत ने निम्नलिखित में से किस देश के साथ 'नाभिकीय क्षेत्र में सहयोग क्षेत्रों के प्राथमिकीकरण और कार्यान्वयन हेतु कार्य योजना' नामक सौदे पर हस्ताक्षर किया है?

*(a)* जापान

*(b)* रूस

*(c)* यूनाइटेड किंगडम

*(d)* संयुक्त राज्य अमरीका

**90.** किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रा गुणक (मनी मल्टिप्लायर) निम्नलिखित में से किस एक के साथ-साथ बढ़ता है?

*(a)* आरक्षित नकदी (कैश रिज़र्व) अनुपात में वृद्धि

*(b)* जनता की बैंकिंग आदतों में वृद्धि

*(c)* सांविधिक नकदी अनुपात में वृद्धि

*(d)* देश की जनसंख्या में वृद्धि

WRAP Exams

**86.** Which one of the following is ***not*** the most likely measure the Government/RBI takes to stop the slide of Indian rupee?

*(a)* Curbing imports of non-essential goods and promoting exports

*(b)* Encouraging Indian borrowers to issue rupee denominated Masala Bonds

*(c)* Easing conditions relating to external commercial borrowing

*(d)* Following an expansionary monetary policy

**87.** Consider the following statements :

The Reserve Bank of India's recent directives relating to 'Storage of Payment System Data', popularly known as data diktat, command the payment system providers that

1. they shall ensure that entire data relating to payment systems operated by them are stored in a system only in India
2. they shall ensure that the systems are owned and operated by public sector enterprises
3. they shall submit the consolidated system audit report to the Comptroller and Auditor General of India by the end of the calendar year

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**88.** Which of the following adopted a law on data protection and privacy for its citizens known as 'General Data Protection Regulation' in April 2016 and started implementation of it from 25th May, 2018?

*(a)* Australia

*(b)* Canada

*(c)* The European Union

*(d)* The United States of America

**89.** Recently, India signed a deal known as 'Action Plan for Prioritization and Implementation of Cooperation Areas in the Nuclear Field' with which of the following countries?

*(a)* Japan

*(b)* Russia

*(c)* The United Kingdom

*(d)* The United States of America

**90.** The money multiplier in an economy increases with which one of the following?

*(a)* Increase in the cash reserve ratio

*(b)* Increase in the banking habit of the population

*(c)* Increase in the statutory liquidity ratio

*(d)* Increase in the population of the country



wrapexams.com · ask@wrapexams.com Page 39

**91.** मनोरंजन हेतु डिजिटल प्रौद्योगिकियों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संवर्धित वास्तविकता [ऑगमेंटेड रिएलिटि (AR)] में एक छद्म वातावरण सृजित हो जाता है और भौतिक संसार पूरी तरह बहिष्कृत हो जाता है।
2. आभासी वास्तविकता [वर्चुअल रिएलिटि (VR)] में कम्प्यूटर द्वारा सृजित प्रतिमाएँ वास्तविक जीवन की वस्तुओं या परिवेशों पर प्रक्षेपित हो जाती हैं।
3. AR व्यक्तियों को संसार में विद्यमान रहने देता है और स्मार्ट-फोन या PC के कैमरे का उपयोग कर अनुभव को उन्नत करता है।
4. VR संसार को पृथक् कर देता है और व्यक्ति को एक अलग धरातल पर ले जाकर उसे पूर्ण निमग्नता का अनुभव प्रदान करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 3 और 4

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 4

**92.** शब्द 'डेनिसोवन (Denisovan)' कभी-कभी समाचार माध्यमों में किस संदर्भ में आता है?

*(a)* एक प्रकार के डायनासोर का जीवाश्म

*(b)* एक आदिमानव जाति (स्पीशीज़)

*(c)* पूर्वोत्तर भारत में प्राप्त एक गुफा तंत्र

*(d)* भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास में एक भूवैज्ञानिक कल्प

**93.** विज्ञान में हुए अभिनव विकासों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

*(a)* विभिन्न जातियों की कोशिकाओं से लिए गए DNA के खंडों को जोड़कर प्रकार्यात्मक गुणसूत्र रचे जा सकते हैं।

*(b)* प्रयोगशालाओं में कृत्रिम प्रकार्यात्मक DNA के हिस्से रचे जा सकते हैं।

*(c)* किसी जंतु कोशिका से निकाले गए DNA के किसी हिस्से को जीवित कोशिका से बाहर, प्रयोगशाला में, प्रतिकृत कराया जा सकता है।

*(d)* पादपों और जंतुओं से निकाली गई कोशिकाओं में प्रयोगशाला की पेट्री डिश में कोशिका विभाजन कराया जा सकता है।

**94.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

डिजिटल हस्ताक्षर

1. एक ऐसा इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख है, जो इसे जारी करने वाले प्रमाणन प्राधिकारी की पहचान करता है
2. इंटरनेट पर सूचना या सर्वर तक पहुँच के लिए किसी व्यक्ति की पहचान के प्रमाण के रूप में प्रयुक्त होता है
3. इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने की एक इलेक्ट्रॉनिक पद्धति है और सुनिश्चित करता है कि मूल अंश अपरिवर्तित है

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**95.** परिधेय प्रौद्योगिकी (विअरेबल टेक्नोलॉजि) के संदर्भ में, परिधेय उपकरणों द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा/से कार्य निष्पन्न किया जा सकता है/किए जा सकते हैं?

1. किसी व्यक्ति का अवस्थान (लोकेशन) निर्धारण
2. किसी व्यक्ति का निद्रा मॉनीटरन
3. श्रवण दोषयुक्त व्यक्ति की सहायता

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3



WRAP Exams

**91.** In the context of digital technologies for entertainment, consider the following statements :

1. In Augmented Reality (AR), a simulated environment is created and the physical world is completely shut out.
2. In Virtual Reality (VR), images generated from a computer are projected onto real-life objects or surroundings.
3. AR allows individuals to be present in the world and improves the experience using the camera of smart-phone or PC.
4. VR closes the world, and transposes an individual, providing complete immersion experience.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2 only
*(b)* 3 and 4
*(c)* 1, 2 and 3
*(d)* 4 only

**92.** The word 'Denisovan' is sometimes mentioned in media in reference to

*(a)* fossils of a kind of dinosaurs
*(b)* an early human species
*(c)* a cave system found in North-East India
*(d)* a geological period in the history of Indian subcontinent

**93.** With reference to the recent developments in science, which one of the following statements is ***not*** correct?

*(a)* Functional chromosomes can be created by joining segments of DNA taken from cells of different species.
*(b)* Pieces of artificial functional DNA can be created in laboratories.
*(c)* A piece of DNA taken out from an animal cell can be made to replicate outside a living cell in a laboratory.
*(d)* Cells taken out from plants and animals can be made to undergo cell division in laboratory petri dishes.

**94.** Consider the following statements :

A digital signature is

1. an electronic record that identifies the certifying authority issuing it
2. used to serve as a proof of identity of an individual to access information or server on Internet
3. an electronic method of signing an electronic document and ensuring that the original content is unchanged

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only
*(b)* 2 and 3 only
*(c)* 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

**95.** In the context of wearable technology, which of the following tasks is/are accomplished by wearable devices?

1. Location identification of a person
2. Sleep monitoring of a person
3. Assisting the hearing impaired person

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only
*(b)* 2 and 3 only
*(c)* 3 only
*(d)* 1, 2 and 3

**96.** 'RNA अंतर्क्षेप [RNA इंटरफेरेंस (RNAi)]' प्रौद्योगिकी ने पिछले कुछ वर्षों में लोकप्रियता हासिल कर ली है। क्यों?

1. यह जीन अनभिव्यक्तिकरण (जीन साइलेंसिंग) रोगोपचारों के विकास में प्रयुक्त होता है।
2. इसे कैंसर की चिकित्सा में रोगोपचार विकसित करने हेतु प्रयुक्त किया जा सकता है।
3. इसे हॉर्मोन प्रतिस्थापन रोगोपचार विकसित करने हेतु प्रयुक्त किया जा सकता है।
4. इसे ऐसी फसल पादपों को उगाने के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है, जो विषाणु रोगजनकों के लिए प्रतिरोधी हो।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 4

*(b)* 2 और 3

*(c)* 1 और 3

*(d)* केवल 1 और 4

**97.** हाल ही में वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से अरबों प्रकाश-वर्ष दूर विशालकाय 'ब्लैकहोलों' के विलय का प्रेक्षण किया। इस प्रेक्षण का क्या महत्त्व है?

*(a)* 'हिग्स बोसॉन कणों' का अभिज्ञान हुआ।

*(b)* 'गुरुत्वीय तरंगों' का अभिज्ञान हुआ।

*(c)* 'वॉर्महोल' से होते हुए अंतरा-मंदाकिनीय अंतरिक्ष यात्रा की संभावना की पुष्टि हुई।

*(d)* इसने वैज्ञानिकों को 'विलक्षणता (सिंगुलैरिटि)' को समझना सुकर बनाया।

**98.** निम्नलिखित में से कौन-से, भारत में सूक्ष्मजैविक रोगजनकों में बहु-औषध प्रतिरोध के होने के कारण हैं?

1. कुछ व्यक्तियों में आनुवंशिक पूर्ववृत्ति (जेनेटिक प्रीडिस्पोजीशन) का होना
2. रोगों के उपचार के लिए प्रतिजैविकों (ऐंटिबॉयोटिक्स) की गलत खुराकें लेना
3. पशुधन फार्मिंग में प्रतिजैविकों का इस्तेमाल करना
4. कुछ व्यक्तियों में चिरकालिक रोगों की बहुलता होना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 3 और 4

*(d)* 2, 3 और 4

**99.** प्रायः समाचारों में आने वाला Cas9 प्रोटीन क्या है?

*(a)* लक्ष्य-साधित जीन संपादन (टारगेटेड जीन एडिटिंग) में प्रयुक्त आण्विक कैंची

*(b)* रोगियों में रोगजनकों की ठीक-ठीक पहचान के लिए प्रयुक्त जैव संवेदक

*(c)* एक जीन जो पादपों को पीड़क-प्रतिरोधी बनाता है

*(d)* आनुवंशिकतः रूपांतरित फसलों में संश्लेषित होने वाला एक शाकनाशी पदार्थ

**100.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

*(a)* यकृतशोथ B विषाणु काफी कुछ HIV की तरह ही संचरित होता है।

*(b)* यकृतशोथ C का टीका होता है, जबकि यकृतशोथ B का कोई टीका नहीं होता।

*(c)* सार्वभौम रूप से यकृतशोथ B और C विषाणुओं से संक्रमित व्यक्तियों की संख्या HIV से संक्रमित लोगों की संख्या से कई गुना अधिक है।

*(d)* यकृतशोथ B और C विषाणुओं से संक्रमित कुछ व्यक्तियों में अनेक वर्षों तक इसके लक्षण दिखाई नहीं देते।

**96.** 'RNA interference (RNAi)' technology has gained popularity in the last few years. Why?

1. It is used in developing gene silencing therapies.
2. It can be used in developing therapies for the treatment of cancer.
3. It can be used to develop hormone replacement therapies.
4. It can be used to produce crop plants that are resistant to viral pathogens.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 4
*(b)* 2 and 3
*(c)* 1 and 3
*(d)* 1 and 4 only

**97.** Recently, scientists observed the merger of giant 'blackholes' billions of light-years away from the Earth. What is the significance of this observation?

*(a)* 'Higgs boson particles' were detected.
*(b)* 'Gravitational waves' were detected.
*(c)* Possibility of inter-galactic space travel through 'wormhole' was confirmed.
*(d)* It enabled the scientists to understand 'singularity'.

**98.** Which of the following are the reasons for the occurrence of multi-drug resistance in microbial pathogens in India?

1. Genetic predisposition of some people
2. Taking incorrect doses of antibiotics to cure diseases
3. Using antibiotics in livestock farming
4. Multiple chronic diseases in some people

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2
*(b)* 2 and 3 only
*(c)* 1, 3 and 4
*(d)* 2, 3 and 4

**99.** What is Cas9 protein that is often mentioned in news?

*(a)* A molecular scissors used in targeted gene editing
*(b)* A biosensor used in the accurate detection of pathogens in patients
*(c)* A gene that makes plants pest-resistant
*(d)* A herbicidal substance synthesized in genetically modified crops

**100.** Which one of the following statements is ***not*** correct?

*(a)* Hepatitis B virus is transmitted much like HIV.
*(b)* Hepatitis B, unlike Hepatitis C, does not have a vaccine.
*(c)* Globally, the number of people infected with Hepatitis B and C viruses are several times more than those infected with HIV.
*(d)* Some of those infected with Hepatitis B and C viruses do not show the symptoms for many years.

SPACE FOR ROUGH WORK

WRAP Exams

SPACE FOR ROUGH WORK

WRAP Exams

## SPACE FOR ROUGH WORK

WRAP Exams

SPACE FOR ROUGH WORK

★ ★ ★





WRAP Exams

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

**T.B.C. : BKL–F–GHP** **Test Booklet Series**

**Serial No.**

2131621

# TEST BOOKLET
# GENERAL STUDIES
## Paper—I

**A**

**Time Allowed : Two Hours** **Maximum Marks : 200**

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **100** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर छपा है।